# फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर पार्क का केंद्र बनेगा यीडा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उप्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में इस बार विभिन्न स्टॉल्स को थीम के साथ सजाया गया है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने भी अपने आने वाली परियोजनाओं पर फोकस कर रहा है। इनमें फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट हैं। यीडा ने इनके स्टॉल लगाए हैं।

**इंटरनेशनल ट्रेड शो में यमुना प्राधिकरण ने लगाया स्टॉल**

सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि यीडा के स्टॉल में प्रोजेक्ट्स के मॉडल्स के साथ उनकी विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। कुल 16 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क तीन नए थीम हैं। सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन आरक्षित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यीडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) भी बना रहा है। इसमें इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि महत्वाकांक्षी योजना फिनटेक सिटी को प्रदर्शित किया गया है।

## कौशल विकास मिशन का पवेलियन कर रहा आकर्षित



इंटरनेशनल ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन का पवेलियन लोगों को आकर्षित कर रहा है। इसमें प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने प्रदेश के उभरते कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। बृहस्पतिवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का भ्रमण किया। अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने बताया कि यह पवेलियन प्रदेश की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच पर पेश करेगा। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया है। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रयोग, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को उच्च शिक्षा में एकीकृत करने जैसी पहल आकर्षण का केंद्र हैं।